Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-12-2021 | अंक 78

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत बेहरा आश्रम निवासी रंजीत रविदास उम्र 31 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत रविदास शिवपुर गड़लाही अपने परिजन से मिलने जा रहे थे। इसी क्रम में धनबाद रोड में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिनका प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। वहीं बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।




# व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष ने सीएम से की रजिस्ट्रार की पोस्टिंग की मांग, समस्या से कराया अवगत

## अवर निबंधक की पोस्टिंग नही होने से हो रही है परेशानी,जल्द हो पोस्टिंग : कपिल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**



कपिल केशरी




विरान पडा निबंधन कार्यालय

बरही अनुमंडल में अवर निबंधक की पोस्टिंग नही हुई है। जिसके कारण जमीन रजिस्ट्री सहित निबंधन का अन्य कार्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि पूर्व के अवर निबंधक रामजी तिग्गा का ट्रांसफ़र 8 माह पूर्व होने के बाद से अब तक किसी की पोस्टिंग नही हुई है। इस ममले को लेकर बरही व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सह अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी ने सीएम को पत्र लिखकर अविलम्ब बरही अवर निबंधन कार्यालय में परमानेंट अवर निबंधक की पोस्टिंग की मांग की है। कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि परमानेंट पोस्टिंग नही होने से रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य पूरी तरह प्रभावित है। इससे एक ओर जहां आम जनता को परेशानी हो रही है। वही सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। अपेम मुख्य संरक्षक ने सीएम को अवगत कराया है कि परमानेंट अवर निबंधक नही होने से मैरिज निबंधन का कार्य नही हो रहा है। गौरतलब है कि परमानेंट पो. स्टिंग नही होने से हज़ारीबाग़ कर निबंधक को कुछ दिनों के लिए प्रतिनियोजन किया गया था। वे सप्ताह में दो दिन बरही में समय देते थे। लेकिन कभी कभी बिना सूचना के ही गायब रहते हैं।। जिसके कारण दूर दराज से आये लाभुकों को बैरंग लौरना पड़ता है। नियमित रजिस्टार के नही होने से डीड रायटर को भी आर्थिक क्षति हो रही है। जमीन रजिस्ट्री पर्याप्त मात्रा में नही होने से व्यवसायिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कपिल प्रसाद केशरी ने सीएम से तत्काल अवर निबंधक की पोस्टिंग करने की मांग की है। ताकि आम जनता को सहूलियत हो सके

# राज विद्या केंद्र से जुड़े प्रेमियों ने एसडीपीओ को सौंपी प्रेम रावत लिखित "हियर योर्स सेल्फ" पुस्तक

## अन्तराष्ट्रीय शांति दूत हैं प्रेम रावत, 10 दिसम्बर को है उनका 64 वीं जन्मदिवस

**अपेम लाइव : बरही**




एसडीपीओ को पुस्तक भेंट करते राज विद्या केंद्र के लोग

अन्तराष्ट्रीय शांति दूत की उपाधि प्राप्त बाल योगेश्वर उर्फ प्रेम रावत जी की 64 वीं जयंती 10 दिसम्बर 2021 को है। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में राज विद्या केंद्र से जुड़े प्रेमियों ने प्रेम रावत जी के द्वारा लिखित पुस्तक हियर योर्स सेल्फ का वितरण कर उनके उपदेश को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। ताकि आम जनों में शांति का पैगाम पहुंच पाएं। इसी कड़ी में बुधवार को राज विद्या केंद्र रसोइया धमना के प्रेमियों ने एसडीपीओ आवास पहुंचकर एसडीपीओ नाजिर अख्तर को प्रेम रावत रचित पुस्तक हियर योर्स सेल्फ भेंट की। राज विद्या केंद्र से जुड़े प्रेमी प्रो हिरामन साव ने कहा कि प्रेम रावत जी चार साल की उम्र से शांति का संदेश पूरे हिन्दुस्तान में फैला रहे हैं। वहीं 13 वर्ष की उम्र से पूरे विश्व में घूम,,घूमकर शांति का संदेश लोगों को सुनाते आ रहे हैं। इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय शांति दूत सहित कई उपाधियों से नवाजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रेम रावत जी हमेशा आपसी भाई चारगी का संदेश देने के साथ साथ जीवन जीने की कला सीखा रहे हैं। अपने देश मे ही नही बल्कि पूरे विश्व मे उनके लाखो अनुयायी हैं। एसडीपीओ नाजीर अख्तर जी ने पुस्तक की कुछ पंक्तियां पढ़ कर काफी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अमन,, शांति के लिए अपने मन को स्थिर ,एकाग्र करने की जरुरत है। मनुष्य के जीवन में मन की गति सबसे तेज गति होती है।इसको स्थिर करना ही सबसे बड़ी साधना है।हम अपने मन को जितनी देर स्थिर कर पाते हैं,उतनी देर हमारे अन्दर शांति, शुकून,अमन चौन स्थापित हो पाता है। इन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने मन की नहीं, अपने ह्रदय की सुन्नी चाहिए।आवश्यकता है, इस भाग ,,दौड़ की दुनिया में भी अपने मन को , अपने आप को स्वयं की काबू में बनाए रखना। यही हर मानव की मानवता भी है। मौके पर एसडीपीओ महोदय जी ने हम सबों को ,,मुंह मीठा,,भी कराया। हम सभी ने इनका आभार व्यक्त किया। मौके पर गुरुदेव गुप्ता, प्रो हिरामन साव, नंद किशोर कुमार, हरिहर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# भारत के पहले चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़ (सीडीएस) बिपिन रावत और उनकी पत्नी का निधन , पीएम मोदी ने जताया शोक










सीडीएस विपिन रावत एवं उनकी धर्मपत्नी (फाईल फोटो)




**अपेम लाइव बरही**

तमिलनाडु में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस बिपिन रावत की मौत हो गई। भारतीय वायु सेना ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी है। इस हेलिक०प्टर में कुल 14 लोग सवार थे, जिनमें से 13 की मौत हो गई है। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह इस हादसे में घायल हुए हैं। उनका इलाज किया जा रहा है। हेलिकॉप्टर हादसा बुधवार को तमिलनाडु में कुन्नूर के करीब हुआ।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनरल बिपिन रावत के निधन पर दुख जाहिर किया है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर लिखा, ”मुझे तमिलनाडु में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश को लेकर बहुत दुख है जिसमें हमने जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और सशस्त्र बलों के दूसरे जवानों को खो दिया. उन्होंने पूरी लगन के साथ भारत की सेवा की. मरने वालों के परिजन के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। भारतीय वायु सेना के मुताबिक़ ये एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर था.

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिन में ही बिपिन रावत के घर जाकर उनके परिजन से मुलाक़ात की थी।** इसके बाद सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे भी बिपिन रावत के घर पहुँचे थे। जनरल रावत को एक जनवरी, 2020 को देश का पहला चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ़ नियुक्त किया गया था। वायु सेना ने जानकारी दी है कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेलिकॉप्टर हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जाहिर की है. उन्होंने ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना की है. उनका इलाज किया जा रहा है।

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जनरल रावत और उनकी पत्नी के निधन पर दुख जताया है.** ट्वविटर पर पोस्ट किए अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि बीते कुछ सालों में उन्होंने मिलकर काम किया।उन्होंने जनरल रावत की मृत्यु को श्देश का बड़ा नुक़सान बताया है।

**गृह मंत्री अमित शाह ने जनरल रावत के निधन पर दुख जाहिर कहते हुए कहा है** कि उनके योगदान को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी जनरल रावत और उनकी पत्नी के निधन पर दुख जताया है.** उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट किए संदेश में हादसे में मारे गए दूसरे लोगों के प्रति भी संवेदना जाहिर की है। वहीं अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, अध्यक्ष कृष्णा प्रजापत्ति, सचिव दयानंद चौरसिया, संरक्षक मो क्यूम, कृष्णा यादव, रामचंद्र यादव, दीपक पाठक, संतोष यादव, मुकेश कुमार गुप्ता, अपेम पत्रकार सोनु पंडित, डेस्क प्रभारी बीरेंद्र कुमार, धनजंय कुमार एवं योगेंद्र कुमार ने शोक संवेदना प्रकट किया है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

दिनांक: 08-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

# भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकर्मा ने आयोजित की कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम

## 160 किसानों ने लिया भाग, उत्तम एवं नवीनतम तकनीकी की दी गई जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**

अनुसूचित जन जाति उप योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा झारखंड के वैज्ञानिकों ने बरही के खोडाहार पंचायत के दौरवां गांव में कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया द्य इसमें संस्थान के वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को फसलों के उत्तम प्रभेद तथा वै. ज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती करने की सलाह दी गई द्य डॉ पंकज कुमार सिंहा ने किसानों को संस्थान के संपर्क में रहने की सलाह दी, ताकि उन तक नवीनतम तकनीकों एवं प्रभेदों की जानकारी पहुंच सके एवं उनकी आय में वृद्धि की जा सकेद्य डॉ संतोष कुमार ने किसानों को गेहूं, चना, मक्का तथा सरसों की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती करने के तरीके बताए एवं उसमें कीट एवं रोगों के प्रबंधन की जानकारी दीद्य इन्होंने किसानों को बीज उपचार करके ही किसी भी फसल को लगाने की सलाह दीद्य किसानों को बे मौसमी सब्जी की खेती करने एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गयाद्य डॉ शिल्पी करकेट्टा ने किसानों के पशुओं में आने वाली समस्याएं जैसे विभिन्न प्रकार के रोग एवं कीट के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें अच्छी नस्ल की गाय, सूअर एवं मुर्गी के बारे में जानकारी दी द्य डॉ मनोज चौधरी एवं डॉ प्रीति सिंह ने गांव के मिट्टी के बारे में किसानों से जानकारी ली तथा उन्हें मिट्टी जांच कर सही मात्रा में खाद देने के लिए एवं गोबर खाद एवं वर्मी कंपोस्ट ज्यादा से ज्यादा प्रयोग में लाने की अपील कीद्य डॉ अशोक कुमार ने सब्जी एवं फलों के पौष्टिकता के बारे में किसानों को अवगत करायाद्य प्रशिक्षण के अंत में किसानों को रबी मौसम में लगने वाले सब्जी के बीज जैसे टमाटर, मूली, सरसों, गाजर, प्याज, पालक तथा मटर के बीज के किट उपलब्ध कराएं गए। साथ ही इस गांव के किसानों को चना का भी बीज उपलब्ध कराया गयाद्य संस्थान के वैज्ञानिकों ने किसानों को आईएआरआई संस्थान आकर या मोबाइल के माध्यम से भी खेती से जुड़े जानकारी प्राप्त करने की सलाह दीद्यइस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दौरवा एवं उसके आस पास के 160 किसानों ने भाग लिया ।



बीज वितरण करते कृषि वैज्ञानिक

**आज का पंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांक :---09.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---षष्ठी तिथि
दिन :---गुरुवार
नक्षत्र :---धनिष्ठा नक्षत्र
योग :---व्याघात
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि में संध्या 04:05 तक उपरांत कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिन :---01:30 बजे से दिन :---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12रु24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से संतान सुख में वृद्धि होती है।

(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी को विद्यालय परिवार ने सम्मानित कर दी विदाई।



अरुण कुमार चौधरी को सम्मानित करते विद्यालय परिवार

**अपेम लाइव : बरही**

बरही गया रोड में स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व प्रधानाचार्य के स्थांतरण एवं नए प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय के स्वागत के लिए विद्यालय में स्नेह मिलान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहन एवं आचार्य के द्वारा पूर्व प्रधानाचार्य को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं नए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए उज्जवल भविष्य की कामना भी की, वहीं विद्यालय में किए गए विकास के कार्यो को भी सराहा। कार्यक्रम में विभाग के निरीक्षक तुलसी ठाकुर, अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, सचिव उमेश कुमार एवं अभिभावक शामिल थे।

APEM
LIVE

APEM
LIVE
NEWS
सच का साथी

दिनांकः 08-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

## समाजसेवी का निधन पर शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**


शोक सभा मे शामिल लोग

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया निवासी समजसेवी 40 वर्षीय रीतलाल प्रसाद पिता स्व ज्ञानी महतो का निधन हो गया। उनके निधन के समाचार जैसे ही लोगों तक पहुंचा। उनके जान पहचान के लोग उनके घर पहुंचने लगे। मौके पर पहुंचे जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि रीतलाल प्रसाद बहुत ही नेक इंसान थे। सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनका आकस्मिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मौके पर शोक सभा का आयोजन कर मृतक के आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में जीप प्रतिनिधि मो कयूम, देवलाल कुशवाहा, रघु मोदी, सहदेव शर्मा, रवि प्रसाद, सुनील प्रसाद ,कृष्णा प्रसाद, केदार यादव, संकर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, जगल महतो , केशो महतो आदि शामिल हैं।

## करमा पंचायत पहुँचा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

### विधायक ने किया शिविर का उदघाटन, पदाधिकारियो के अनुपस्थिति पर मुखिया ने उठाया प्रश्न चिन्ह


कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चौपारण प्रखण्ड के करमा पंचयता पहुंचा। कार्यक्रम का उदघाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, स्थानीय मुखिया रा. जदेव यादव, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ क्रिया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हेमन्त सरकार चाहती है कि समाज के हर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ व उनके समस्याओं का समाधान हो यही कारण है कि आज सरकर के सभी विभाग आपके द्वार पर आपके समाधान के लिए आई हुई है। कहा कार्यक्रम की शुरुआत 11 बजे हुई ,इसके बाद 2 घण्टे तक जन योजनाओं को लेकर भाषण हुआ। कहा सभी लोगों अपनी समस्या लेकर के यहां आए हैं कि शायद समाधान हो जाए लेकिन इस शिविर में दूर-दूर तक समाधान होता दिखता नहीं है।


## चंदवारा की रहने वाली एक बहन ने अपने छह भाइयों के खिलाफ घर में घुसकर लूटपाट की दर्ज कराई प्राथमिकी

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को भेजा जेल

**अपेम लाइवः चँदवारा**

चंदवारा की रहने वाली मनीता देवी ने अपने ही छह भाइयों पर घर मे घुस कर लूट पाट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए चंदवारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथ. मिकी के माध्यम से वादी महिला मनीता देवी ने आरोप लगाई है कि 07/12/2021 को समय करीब 01.30 बजे मेरे घर में घुसकर मेरे छह भाई क्रमशः 1. बिजय सोनी उम्र 45 वर्ष, 2. संजय सोनी, उम्र 43 वर्ष, 3. अजय सोनी उम्र 38 वर्ष, 4. उदय सोनी उम्र 36 वर्ष 5 मनोहर सोनी उम्र 35 वर्ष 6 मनोज सोनी उम्र 33 वर्ष सभी के पिता स्व0 रामदेव स्वर्णकार सभी ग्राम चंदवारा निवासी ताला तोड़कर दो जोड़ा सोना का झुमका, एक सोना का चौन, दस पीस नाक का नकचन, चाँदी का पायल दो जोड़ा, एक नथिया सोना का मंगलसूत्र, सोना का एक हाथ का बाला, सोना का एक टीका, एक पीस सोना का बेटा का बजरंग. बली का लॉकेट, बिछिया एक जोड़ा, चाँदी का मटिया 05 जोड़ा लूट कर चोरी कर लिए। इसके अलावे पाँच पंखा, गहना जेवर भी चोरी कर लिया और हाथ का पोलाव, और बैग में सारा सामान निकाल लिए। बैग में मेरा पासबुक तथा मेरी माँ का पासबुक था। मेरा पर्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड एवं आठ हजार रूपया नगद और कासा का बर्तन 10 पीस, थारा, 05 पीस, कासा का लोटा 04 पीस, ग्लास कासा का 07 पीस, कटोरी कासा का मेरी मम्मी का दस हजार रूपया नगद आलमारी सहित ले गये। मेरा 10 पीस कीमती साड़ी भी उठा के ले गये तथा वे लोग धमकी दिया हैं कि तुमको तथा माँ को जान मारकर फेक देंगे। तथा तुम्हारा बेटा को भी खत्म कर देंगे। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए वादी के आवेदन के आलोक में चंदवारा थाना में कांड संख्या 127/21 धारा -143/448/379/380/3 29/109/504/506 आई. पीसी के तहत दर्ज प्राथ. मिकी के प्राथमिक अभियुक्त मनोहर कुमार सोनी उम्र 35 वर्ष, मनोज सोनी उम्र 33 वर्ष उदय सोनी उम्र 36 वर्ष संजय सोनी उम्र 43 वर्ष सभी के पिता स्वर्गीय रामदेव सोनी चंदवारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।


मनोज सोनी


मनोहर सोनी


संजय सोनी


उदय सोनी

Rajendra Kumar
B.Com (H) M.Com, CA-Final


Contact: 9015919169
Email: jbrtaxcon@gmail.com

JBR
JBR TAX CONSULTANT

JBR TAX CONSULTANT
ASSOCIATES WITH CHARTERED ACCOUNTANT

INCOME TAX | G.S.T. | ACCOUNTING
VARIOUS TYPE OF COMPANY REGISTRATION

Address: Office At Shubham Complex, Beside UCO Bank, Gaya Road, Barhi, - 825405



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



## चौपारण में सीएम आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### बीडीओ व बीईईओ ने किक मारकर किया मैच का शुभारंभ

**अपेम लाइव :चौपारण**




**खिलाड़िया के साथ बीईईओ रीना कुमारी**

प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमन्त्रंण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बीईईओ रीना कुमारी, चौपारण मुखिया बिनोद सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, सेलहारा मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रजक आदि की उपस्थित में किया। इस दौरान बीडीओ व बीईईओ ने फुटबॉल किक मारकर खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियो में छिपी प्रतिभा को निखारने व सही मंच देने के उद्देश्य से खेल के आयोजन किया जा रहा है। बताया कि प्रखण्ड स्तर पर विजेता टीम को जिला स्तरीय प्रतियो. गिता में सम्मिलित होने के लिए भेजा जाएगा। बीईईओ रीना कुमारी ने बताया कि खेल से खिलाड़ियो में मानशिक व शारीरक विकास होता है। खेले गए पहले मुकाबले में बेलाही की टीम ने पेनाल्टी शूट आउट में 4 –3 से सिंघरावां पंचायत को पराजित किया। दूसरे मुक. ाबले में सेलहारा कि टीम ने चौपारण पंचायत को 1–0 से पराजित किया। तीसरा मुकाबले में पडरिया पंचायत ने चौय पंचायत को 1–0 से पराजित कर अगले दौर में किया प्रवेश। वही गोविंदपुर बनाम डेबो पंचायत के बीच मुकाबला जारी है। मौके पर बीपीओ मो आरिफ, बीआरपी मो सईद, बीआरसी कर्मी किशोर कुमार राणा, शशि कुमार, प्रदीप कुमार, रूपलाल रविदास वही रैफरी की भूमिका ककरौला निवासी मुकेश यादव, अजय यादव व दनुवा उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक प्रदीप सिंह ने महती भूमिका निभाया।

## पिछड़ी जाति को आजसू पार्टी ही अधिकार दिलाएगी : रोशन लाल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**बैठक में शामिल आजसू नेता रोशन लाल चौधरी एवं अन्य**

आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा का बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में 10 दिसंबर दिन शुक्रवार को समय 11:00 बजे, एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम होगा, जिसकी तैयारी बैठक आवासीय कार्यालय आजसू पार्टी गुरु चट्टी में रखी गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया, बैठक के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज को जागरूक और एकजुट करने के मुहिम व सामा. जिक न्याय आंदोलन को और तेज करने के उदेश के साथ अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा का 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी 260 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय सामाजिक न्याय महासभा स एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन आजसू पार्टी करेगी स कार्यक्रम में उप. स्थित केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो ,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज खान, कामेश्वर महतो ,रा. जेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो ,राजा खान, संतोष सिन्हा, बालेश्वर महतो, तुलेश्वर राम, प्रभु महतो, लखपति कुमार, नारायण प्रसाद, महेंद्र महतो ,सागर महतो, तुलेश्वर महतो, रवि राम ,राकेश कुमार, शशि महतो, सुरेश राणा, प्रमोद महतो, चंद्रनाथ महतो, महावीर महतो, प्रदीप प्रभाकर, भोला चौधरी जावेद खान, रंजीत महतो महेंद्र महतो लखपति कुमार सहदेव महतो इत्यादि उपस्थित थें ।

## आजसु प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक अधिकृत क्षेत्र में सरकारी योजना चलाने की मांग की

### अधिग्रहित क्षेत्र में सरकारी योजना चल रही है बंद नहीं हुई है : बीडीओ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को आवेदन देकर बादम कोल ब्ल०क अधिकृत क्षेत्र में सरकारी योजना को संचालित करने की मांग की है। गौतम वर्मा ने बताया कि एनटीपीसी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय को बादम कोल ब्ल०क अधिग्रहित क्षेत्र में सरकारी योजना नहीं चलाने के लिए चिट्ठी दी है। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए को विकास कार्य योजना संचा. लित करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री आवास के अलावा अन्य कई संचालित सरकारी योजनाएं बंद कर दी गई है इसे शीघ्र चालू करने की जरूरत है। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक अधिग्रहित क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बंद नहीं किया गया है कुछ दिन पहले ही मनरेगा समेत की कई विकास योजनाओं को प्रखंड मुख्यालय के द्वारा स्वीकृति भी दी गई है ।

## शिक्षा मंत्री से मिलकर उच्च स्तरीय स्कूल एवं कॉलेज की मांग किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपते लोग**

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से बड़कागांव पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन समाजसेवी डीलेश्वर महतो मोहम्मद इलियास अंसारी एवं मोहम्मद अजीज ने मिलकर मांग पत्र सौंपा तथा अपने क्षेत्र के वस्तु स्थिति से अवगत कराया ।और कोल खनन एक्ट के तहत बड़कागांव में उच्च स्तरीय स्कूल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज का मांग किया तथा बड़कागांव के चिरूडीह, दलंगडीह एवं नगड़ी में सरकारी स्कूलों में पठन–पाठन कार्य बाधित कर पुलिस फोर्स को रख देने की भी शिकायत की। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो नें हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक एवं उपायुक्त को आदेश किया और कहा कि इस तरह का कार्य ना हो एनटीपीसी पुलिस फोर्स रखने के लिए खुद व्यवस्था करें और इस तरह का पठन–पाठन कार्य बाधित ना करें तथा विस्थापित क्षेत्र के बच्चों के लिए एक बेहतर शिक्षा की व्यवस्था कोल खनन कंपनी के माध्यम से किया जाए। तथा इसके साथ ही शिक्षा मंत्री से राज्य में टेट पास अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति की मांग किया जिस पर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षक नियुक्ति को लेकर काफी गंभीर है और इस पर पूरी जोर–शोर से सरकार नियुक्ति के लिए तैयारी कर रही है।

## मृतक के परिवार को सांत्वना देने पहुँची मुखिया



**मृतक सकलदेव यादव**

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



पंचायत बेलकप्पी के ग्राम बण्डा सिंगा में एक युवक की मौत हो गई। सकलदेव यादव पिता छत्रु यादव ग्राम बण्डा सिंगा निवासी की अचानक तबियत खराब हो गई, जंहा ग्रामीणों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जंहा चिकिस्तकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया गुड्डी देवी पहुँचकर मृतक के परिवार वालों सां. त्वना दी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अर्जून राणा, सरयु यादव, विकास पाण्डेय, रा. जकुमार नायक, बबलू पाण्डेय, अशोक यादव, बैजनाथ यादव, टिपन राणा, टुकलाल नायक, सुरेन्द्र नायक, राजकुमार यादव, ईश्वर कुमार, रामदेव यादव, बिनोद यादव, बिनोद साव, सरयु साव समेत अन्य ग्रामीणों ने शोक संवेदना की।मृतक अपने परिवार के साथ दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़कर चले गए। वही घटना को पूरे क्षेत्र शोक की लहर दौड़ गई।

## बुढ़वा महादेव परिसर में चेक बांध बनने से जंगली जानवर होंगे लाभान्वित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**बैठक में शामिल रेंजर व अन्य शामिल लोग**

वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति काण्डतरी का मासिक बैठक बालेश्वर महतो के अध्यक्षता में बुढ़वा महादेव परिसर में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रेंजर छोटे लाल साव शामिल हुए। वन समिति के सदस्यों को वनाधिकार और कर्तव्यों के बारे में बताएं गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को बांस लगाने में प्रोत्साहित कीजिए ताकि जंगल की कटाई को काफी हद तक कम किया जा सके। बांस लगाने से लोगों को जंगलों पर ज्यादा आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। जब मचान बनाने का समय आता है तो लोग बल्ली के रूप में बांस का ही प्रयोग करें ताकि जंगल को कटने से बचाया जा सके। काण्डतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की ओर से कुलेश्वर कुमार ने एक भवन बनाने का मांग किया ताकि प्रत्येक मासिक बैठक में भवन में बैठक किया जा सके। बरसात के दिनों में बैठक करने में काफी दिक्कत होती है। समिति की ओर से रानीदाह के सामने दूधिचुआं को पक्का चेक डैम बनाने की मांग की गई। चेक डैम बनने से पहाड़ का पानी को रोका जा सकता है जिससे पहाड़ के चारों ओर जल का रिसाव होगा और सालों भर झरना चालू हो जाएगा। इस बांध के बन जाने से जंगली जीव भी काफी लाभान्वित होंगे। अक्सर गर्मियों के दिनों में देखा जाता है कि जंगली जानवर पानी के तलाश में गांव की ओर आ जाते हैं और कुत्तों और मानव द्वारा शिकार कर दिए जाते हैं। बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों में मुख्य रूप से मनोहर सिन्हा,बालेश्वर महतो, कुलेश्वर कुमार, तुलेश्वर महतो, संतोष ठाकुर, संतोष कुमार, संगीता देवी, बासो देवी, रीता देवी, अनीता देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, रंजू देवी, बाली देवी, मुन्नी देवी, पुरनी देवी, लीला देवी, मंजू देवी, कविता देवी अनीता देवी, पुनिया देवी, मानमती देवी, अनीता देवी, सीता देवी, ननकी देवी, सुगनी देवी, पालको देवी, मानको देवी, सरिता देवी, उर्मिला देवी, पुसनी देवी, सविता देवी, गीता देवी के अलावा दर्जनों लोग हैं।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवारा पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

### महिला अधिकारों की रक्षा के लिए पुरूष वर्ग भी बनें सहभागी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवारा के तहत बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु आयोजित कार्यक्रम में कई पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिन्टो ने कहा कि संपूर्ण महिलाओं का एक वर्ग शारीरिक, मानसिक, लैंगिक एवं सामाजिक तरीकों में किसी न किसी रूप से हिंसा की शिकार है। इस तरह की हिंसा का उन्मूलन होना आवश्यक है। हिंसा के उन्मूलन के लिए महिला अधिकारों को प्राथ. मिकता देनी होगी। इसके लिए पुरूष वर्ग भी इसमें सहभागी बनें और महिंसा हिंसा के विरूद्ध आवाज बुलंद कर इन्हें वाजिब हक और अधिकार दिलाएं। इस पखवारा का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम एवं महिला हिंसा के उन्मूलन के बारे में लोगों में जागरूकता का प्रसार करना है। हर देश एवं संस्कृति में महिलाओं के जीवन को हिंसामुक्त बनाना है। कहा कि इस जागरूकता पखवारा का समापन 10 दिसंबर को किया जाएगा। इसके तहत सभी वर्गों में नारीवादी सोच का विकास, महिला शिक्षा, उनके अधिकार, आवश्यक कानूनी जानक. ारियां आदि दी जाएगी। कार्यशाला में शामिल लोगों के बीच महिला हिंसा की रोकथाम के मुद्दे पर अलग-अलग ग्रुप वर्क भी कराया गया। जिसमें कई तरह के विचार छनकर आए। आयोजन में रश्मिलता, नीतु कुमारी, प्रभा कुमारी, राहुल शीतल, जगदीश शर्मा समेत कई महिलाओं का अहम योगदान रहा। मौके पर कई महिला पुरुष प्रतिभागी मौजूद थे।

## डीआईजी उतरी नरेन्द्र कुमार ने सदर थाना चतरा का किया निरीक्षण

### पुलिस पदाधिकारियों को दिए कई तरह के दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**


सदर थाना का निरीक्षण करते डीआईजी नरेंद्र कुमार

उतरी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक नरेन्द्र कुमार ने बुधवार को सदर थाना का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों से हालचाल लिया। इस दरम्यान डीआ. ईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान में तेजी लाने, रात्री गस्ती बढ़ाने , लंबित केश का जल्द निपट. ारा करने व कुर्क आदि कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि थाना के निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यशैली पर सन्तुष्ट दिखे और उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत जितनी भी केशेश है स्वयं देख रहा हूं । पुलिस शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकन्नी है । सीमावर्ती में क्षेत्रो में नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में तेजी लाई जा रही है। इससे पूर्व स्थानीय पुलिस कर्मियों ने डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। डीआईजी ने थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था पर भी संतुष्ट नजर आए । कोयलांचल में आ. र्थक अपराध बढ़ने के मामले में उन्होंने कहा कि केश का रिभ्यु किया जा रहा है आपराधिक किस्म के लोगों को धर पकड़ किया जा रहा है यदि वे पकड़ में नहीं आते है तो वैसे लोगों का कुर्की जप्ती की जाएगी तथा आर्थिक अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इंवेष्टिगेशन टीम बनाया गया है जिसमें टेक्निकल सेल में नए टेक्नोल०जी के जानकार युवा लड़को को रखा गया है साथ ही अपराधियों के गतिविधियों पर पुलिस की विशेष नजर है ।







